Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 22

No. of Printed Pages – 7

SS–21–Hindi Lit. (D & D)

# उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2023

## हिन्दी साहित्य

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 'अ'

**1)** वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

i) फीचर लेखन की शैली काफी हद तक कैसी है ? **[1]**

(अ) कठिन

(ब) कथात्मक

(स) निबंधात्मक

(द) इनमें से कोई नहीं

ii) समाचार लिखा जाता है – **[1]**

(अ) सीधा पिरामिड शैली में ।

(ब) तिरछा पिरामिड शैली में ।

(स) उल्टा पिरामिड शैली में ।

(द) इनमें से कोई नहीं ।

**2)** रिक्त स्थान की पूर्ति कर कॉपी में लिखिए ।

i) रेडियो, टी वी पर समाचार प्रस्तोता अथवा समाचार वाचक को .......... कहते हैं । **[1]**

ii) पत्रकार ............. तरह के होते हैं । **[1]**

**3)** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **[2 × 2 = 4]**

i) विशेष लेखन क्या हैं?

ii) समाचार लेखन में किन ककारों का प्रयोग किया जाता है ?

iii) ''भारत ने पाकिस्तान को चार विकेट से पीटा।'' पंक्ति को किस विशेष लेखन क्षेत्र हेतु लिखा गया है। एक अन्य उदाहरण भी लिखिए ।

4) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । [4]

i) मेरा प्रिय कवि

ii) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

iii) पर्यावरण प्रदूषण

iv) जीवन में कम्प्यूटर का प्रभाव

## खण्ड – 'ब'

5) निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में कोष्ठक में लिखिए ।

i) जिस गुण के रचना में मधुरता बढती है, वह है – [1]

(अ) प्रसाद गुण

(ब) माधुर्य गुण

(स) ओज गुण

(द) इनमें से कोई नहीं

ii) मुख्य रूप से छंद दो प्रकार के होते हैं, मात्रिक और? [1]

(अ) कार्मिक

(ब) उच्च

(स) वर्णिक

(द) निम्न

iii) गीतिका छंद के प्रत्येक चरण में मात्राएँ होती है – [1]

(अ) 24

(ब) 26

(स) 28

(द) 30

**6)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कर कॉपी में लिखिए ।

i) काव्य के रस में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्व ........... कहलाते हैं । [1]

ii) छप्पय छंद रोला और .............. छंद के मेल से बनता है । [1]

iii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व .............. कहलाते हैं । [1]

**7)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

i) मात्रिक और वर्णिक छंदो में अंतर लिखिए । [2]

ii) द्रुतविलंबित छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [2]

**8)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

i) मानवीकरण अलंकार के लक्षण एवं उदाहरण लिखिए । [3]

ii) विभावना अलंकार की परिभाषा और उदाहरण लिखिए । [3]

## खण्ड – 'स'

**9)** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हिमालय किधर है
मैंने उस बच्चे से पूछा जो स्कूल के बाहर
पतंग उड़ा रहा था
उधर–उधर उसने कहा
जिधर उसकी पतंग भागी जा रही थी
मैं स्वीकार करूँ, मैंने पहली बार जाना
हिमालय किधर है।

i) कवि ने बच्चे से क्या पूछा? [1]

ii) बच्चा कहाँ पर पतंग उड़ा रहा था? [1]

iii) बच्चे ने हिमालय किधर बताया है? [1]

iv) लेखक क्या स्वीकार करता है? [1]

**10)** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दिख रही थी। कुछ खाँसकर, गला साफकर, नकली परदे के हट जाने पर स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, 'लड्डू' पिता और अध्यापक निराश हो गए। इतने समय तक मेरा श्वास घुट रहा था। अब मैंने सुख की साँस भरी। उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया।

i) बालक की आँखों में क्या दिख रहा था? **[2]**

ii) बालक क्या माँगता है और क्यों? **[2]**

iii) पिता और अध्यापक क्यों निराश हुए? **[2]**

iv) लेखक का श्वास क्यों घुट रहा था? **[2]**

**11)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी कॉपी में लिखिए ।

i) सरोज – स्मृति कविता निराला के किससे संबंध पर केंद्रित है? **[1]**

(अ) माँ

(ब) पत्नी

(स) बहिन

(द) पुत्री

ii) किसकी आज्ञा प्राप्त कर भरत अपनी बात कहने के लिए सभा में खड़े हुए ? **[1]**

(अ) राम की

(ब) कौशल्या की

(स) मुनि वशिष्ट की

(द) सभासद की

iii) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के लेखक है? **[1]**

(अ) रामचंद्र शुक्ल

(ब) भीष्म साहनी

(स) असगर वजाहत

(द) निर्मल वर्मा

iv) 'दूसरा देवदास' कहानी का कथानायक है – [1]

(अ) कुटज

(ब) संभव

(स) पारो

(द) मोहन

v) किसान से साझे में खेती करने का आग्रह कौन करता है? [1]

vi) 'संवदिया' का नाम क्या था? [1]

vii) कवि केशवदास की सरस्वती वंदना में चारमुख, पाँचमुख और षटमुख किन्हें कहा गया है? [1]

viii) किस शहर में वसंत अचानक आता है? [1]

12) देवसेना के गीत में कवि ने आशा को बावली क्यों कहा हैं? [3]

13) दीप अकेला कविता के प्रतीकार्थ को स्पष्ट कीजिए। [3]

14) लेखक पसोवा क्यों जाना चाहता था? [3]

15) अमझर का अर्थ क्या है तथा वहाँ विरानी क्यों छायी हुई हैं? [3]

## <u>खण्ड – 'द'</u>

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [3 × 4 = 12]

16) भैरों सूरदास से क्यों दुश्मनी रखता था तथा उसने कैसे दुश्मनी निकाली?

17) आरोहण कहानी में वर्णित पर्वतीय जीवन पर टिप्पणी लिखिए।

18) फूल केवल खुशबू ही नहीं देते, दवा भी करते हैं। कैसे स्पष्ट कीजिए।

19) लेखक ने वर्तमान सभ्यता को खाऊ – उजाड़ू सभ्यता क्यों कहा है ?

20) सूरदास या भूप दादा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

## खण्ड – 'य'

**21)** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

वह आता
दो–टूक कलेजे के करता
        पछताता पथ पर आता।
पेट–पीठ मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठीभर दाने को, भूख मिटाने को
मुँह फटी–पुरानी झोली को फैलाता
दो टूक कलेजे के करता
पछताता पथ पर आता

i) कविता का शीर्षक लिखिए। **[1]**

ii) भिखारी की शारीरिक स्थिति कैसी है? **[1]**

iii) भिखारी भीख क्यों माँग रहा है? **[1]**

iv) भिखारी की झोली कैसी है? **[1]**

**22)** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

बाबा और खडग सिंह दोनों अस्तबल में पहुँचे। बाबा ने घोड़ा दिखाया घमंड से। खडग सिंह ने घोडा देखा, आश्चर्य से। उसने सहस्त्रों घोड़े देखे थे, परन्तु ऐसा बाँका घोड़ा उसकी आँखो से कभी न गुजरा था, सोचने लगा – भाग्य की बात है, ऐसा घोड़ा खडग सिंह के पास होना चाहिए था, इस साधु को ऐसी चीज से क्या लाभ।

i) बाबा और खडग सिंह कहाँ पहुँचे ? **[1]**

ii) खडग सिंह को घोड़ा देखकर क्यों आश्चर्य हुआ ? **[1]**

iii) खडग सिंह क्या सोचने लगा ? **[1]**

iv) 'घोड़ा' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । **[1]**

DO NOT WRITE ANYTHING HERE